पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने अयोध्या में साड़ी बैंक तथा रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया

लखनऊ: 29 नवम्बर,2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज दिनांक 29 नवंबर 2023 अपने अयोध्या भ्रमण के दौरान कार्यक्रमों के क्रम में जनपद में साड़ी बैंक तथा रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। राज्यपाल जी की प्रेरणा से आज उत्तर प्रदेश में पहले साड़ी बैंक का शुभारंभ अयोध्या जनपद में हुआ। कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह ने राज्यपाल जी को जानकारी दी कि गरीब, दलित, पिछड़ी व निम्न मध्यवर्गीय परिवार की महिलाएं किसी भी पारिवारिक समारोह या समारोह में महंगी साड़ी पहनने की इच्छा पूरी नहीं कर पाती है। जिससे किसी भी समारोह में अन्य समृद्ध महिलाओं की तरह अच्छी और महंगी साड़ी पहनने का एक सपना उनके मन में ही दबा रह जाता है। ऐसे में उनका यह सपना पूरा करने की दिशा में यह बैंक एक मील का पत्थर साबित होगा। महिलाएं साड़ी बैंक से अपने मनपसंद की महंगी साड़ियां ₹20 व आधार कार्ड जमा कर किसी भी समारोह या पारिवारिक समारोह में पहनने के लिए साड़ी बैंक से साड़ी ले जा सकती है और फिर समारोह के समाप्त होने पर साड़ी को साड़ी बैंक में वापस करके अपने आधार कार्ड को वापस प्राप्त कर सकती हैं ।
राज्यपाल जी ने कार्यक्रम में रक्तदान शिविर का भी उद्घाटन किया। शिविर में उन्होंने रक्तदान करने वाले युवकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया । साड़ी बैंक का संचालन करने वाले कर्मठ कार्यकर्ताओं व मातृशक्ति को उन्होंने सम्मान पत्र प्रदान किया।

डॉ. सीमा गुप्ता,
सहायक निदेशक, राजभवन
सम्पर्क सूत्र-8318116361